दिल्ली के अस्पतालों में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभ प्राप्त कर्ताओं को सुविधाएं

2910. श्री निहाल सिंह : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल, सुचेता कृपलानी अस्पताल आदि केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभ प्राप्त-कर्ताओं के लिए मेडिकल वार्डों आदि में दाखिले के लिए कमरों का अलग आरक्षण नहीं होता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना के अन्तर्गत आने वाले अपने सभी कर्मचारियों के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं देने की व्यवस्था करेगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालयों में उप-मंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी) : (क) और (ख) जी हां, डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, और सुचेता कृपलानी अस्पताल, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों, और अन्य सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों जिनमें आम जनता भी शामिल है, को सुविधाएं प्रदान करते हैं। वैसे, डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के नर्सिंग होम में आरक्षण की सुविधाएं मौजूद हैं । सरकार सफदरजंग और सुचेता कृपालानी अस्पताल के नर्सिंग होम में आरक्षण की सुविधाएं मौजूद हैं । सरकार सफदरजंग और सुचेता कृपलानी अस्पताल में पलंगों के आरक्षण को जरूरी नहीं समझती ।

(ग) और (घ) उपर्युक्त (क) और (ख) को देखते हुए ये प्रश्न नहीं उठते ।

इंडियन रेड क्रास सोसाइटी, दिल्ली को विदेशों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएं

2911. श्री निहाल सिंह : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन रेड क्रास समिति के दिल्ली स्थित मुख्यालय को, देश-वार, विदेशों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएं कपड़ा, दुग्ध चूर्ण, दवाएं और वाहन आदि का ब्यौरा क्या है और पिछले 3 वर्षों में उनको यहां पर लाये जाने पर कितना व्यय किया गया ;

(ख) रेड क्रास मुख्यालय द्वारा उपहार में प्राप्त वस्तुएं किन किन संस्थाओं को दी गई तथा पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक संस्था को प्रत्येक वस्तु की कितनी मात्रा दी गई ; और

(ग) भण्डार में रखी वस्तुओं की मात्रा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालयों में उप-मंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी) :

(क) से (ग) सूचना विवरण में दी गई है । विवरण सभा पटल पर रखा गया । ग्रन्थालय में रखा गया (देखिए संख्या एल0 टी0 —3527/82) ।